कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 18-08-2024

विषय:- कल्याण ज्वैलर्स से 04 अदद सोने की चूड़ी चुराने वाले 05 हजार के ईनामिया चोर को थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 01/ 2024 धारा- 379/411 भा0द0वि0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त पंकज यादव पुत्र विनोद कुमार यादव निवासी ग्राम गोरी रामप्रसाद उमरी थाना दिबियापुर जिला औरैया 25 वर्ष को रेलवे स्टेशन वाराणसी के सर्कुलेटिंग एरिया मे स्थित हनुमान मंदिर के पास थाना सिगरा दिनांक 18.08.2024 को गिरफ्तार कर किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- आवेदक श्री दीपक पाण्डेय, कल्याण ज्वेलर्स (फ्रेंचाइजी) सिगरा, वाराणसी स्टोर मैनेजर की लिखित तहरीर के आधार पर दिनांक 02/01/2024 को दोपहर 2:00 बजे तीन कस्टमर हमारे स्टोर पर आए, जिनमे से दो महिला एवं एक पुरुष था। वे तीनों बैठकर गहने देखने लगे। उन्हें हमारा स्टाफ गहने दिखा रहा था। स्टाफ का नाम सौंदर्या दुबे और अंकित अग्रहरि है। तीनों कस्टमर ने स्टाफ से चूड़ियां दिखाने को कहा, स्टाफ चूड़ियां दिखा रहा था, कि उन्होंने स्टाफ को भ्रमित करके, चार चूड़ियां चुराकर लिए गए। चूड़ियों का वजन 40.500 gm है, जिनकी लगभग कीमत 260,000 रु0 है। उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछतांछ विवरण अभियुक्त:- अभियुक्त पूछने पर जुर्म स्वीकार करते हुए बता रहा है कि साहब जनवरी महिने मे कल्याण ज्वैलर्स मे हुई 04 सोने की चुड़ी से सम्बन्धित चोरी की घटना में मै भी संलिप्त रहा तथा चोरी की घटना मे मेरे अलावा मेरी सगी मौसी व उनके साथ एक और महिला संलिप्ता रही।

सम्बन्धित अभियोग:- मु0अ0सं0 01/2024 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र- पंकज यादव पुत्र विनोद कुमार यादव निवासी ग्राम गोरी रामप्रसाद उमरी थाना दिबियापुर जिला औरैया 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व स्थान- रेलवे स्टेशन वाराणसी के सर्कुलेटिंग एरिया मे स्थित हनुमान मंदिर के पास वाहन स्टैण्ड में इंडियन फ्लैग के बेस के पास थाना सिगरा वाराणसी, गिरफ्तार दिनांक 18.08.2024,

बरामदगी का विवरण- बरामदगी चोरी के रूपये 2100/-।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री मनोज कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 रणजीत कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी सोनिया थाना सिगरा कमिश्नरेट
3. हे0का0 ध्यानचन्द थाना सिगरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 नरेन्द्र प्रसाद थाना सिगरा, कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।